# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- विद्यार्थियों को सशक्त बनाने और उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुभवों से जोड़ने के लिए मध्योत्तर अण्डमान में 'प्रयास' पहल की शुरुआत की गई है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन को आई एस ओ नौ हजार एक से सम्मानित किया गया है।
- सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार की दिशा में परिवहन विभाग की ओर से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में कैम्पबेल बे शैक्षिक अंचल के विद्यार्थियों ने पहला स्थान हासिल किया।
- विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चित्रकारी व चित्रकला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा छात्रों को सशक्त बनाने और उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुभवों से जोड़ने के लिए कल 'प्रयास' पहल की शुरुआत की गई। मुख्य सचिव केशव चंद्र ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 'प्रयास' पहल का उद्देश्य छात्रों को ऐसी गतिविधियों में शामिल कर करियर–उन्मुख अनुभव को बढ़ावा देना है जो शैक्षणिक शिक्षा को सरकारी विभागों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ती हैं। जिले के कई स्कूलों

के छात्र और संकाय सदस्य भी इस ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने छात्रों को कैरियर के अवसरों का पता लगाने और आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समग्र शिक्षा के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, जो छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मूल्यों से लैस करके भविष्य के लिए तैयार करती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह के अभियान को अन्य जिलों में भी लागू किया जा सकता है। मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीना ने कहा कि जिला प्रशासन छात्रों को सलाह देने और मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न विभागों और पेशेवरों को शामिल कर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

'एक घंटा एक सप्ताह' के बैनर तले चलने वाली पहल छात्रों को प्रशासन, स्वास्थ्य सेवा, इंजीनियरिंग और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों के साथ–साथ फील्ड एक्सपोजर के साथ जोड़ेगी। इस अवसर पर प्रशासन की आयुक्त–व –सचिव, डॉ. दिलराज कौर, मध्योत्तर अण्डमान जिला उपायुक्त दिलखुश मीना, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला प्रशासन को आई एस ओ नौ हजार एक से सम्मानित किया गया है। ज़िला प्रशासन के साथ इसके अधीन राजस्व कार्यालय को भी ये प्रमाणन प्रदान किया गया है। प्रमाणन समारोह का कल मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने सुशासन और सेवाएं प्रदान करने में ज़िला प्रशासन की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आई

एस ओ नौ हजार एक प्रमाणन सिर्फ एक मान्यता नहीं है, बल्कि गुणवत्ता को बनाए रखते हुए सेवाओं में निरंतर सुधार के लिए जिम्मेदारी भी है। ये उपलब्धि ज़िला प्रशासन की सुशासन के सिद्धान्तों को अमल में लाने के लिए उनके समर्पित प्रयासों और पारदर्शिता का परिणाम है। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने मुख्य सचिव सहित आयुक्त को भी निरंतर ज़िला प्रशासन को सहयोग देने के लिए अपना आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ज़िला प्रशासन गुणवत्ता सेवाएं और असरदार सुशासन को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि इससे आम जनता को लाभ मिल सके। समारोह में रंगत के सहायक आयुक्त और डिगलीपुर तहसील के प्रतिनिधि भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

<><><><><><><><><>

सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार की दिशा में परिवहन विभाग की ओर से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग के बस ड्राइवरों और कंडक्टरों के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए परिवहन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में और सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवाओं में यात्रियों की संतुष्टि महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों से उपभोक्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार करने का अनुरोध किया। इससे एक सुखद वातावरण बना रहेगा। विभाग के कर्मचारियों की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए डॉ. जतिन्दर सोहल ने कहा कि उनके व्यवहार ऐसे होने चाहिए, जिससे यात्री संतुष्ट हो सके। परिवहन निदेशक ने यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मियों के साथ कड़ाई से निपटने की भी चेतावनी दी। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए उप–निदेशक बी. बिनॉय ने

कर्मचारियों के व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया। परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किए।

<><><><><><>

बिड़ला औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय कोलकाता के सहयोग से शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में केंद्र शासित प्रदेश के सभी नौ शैक्षिक अंचलों से क्षेत्रीय स्तर के विजेता प्रतिभागियों ने 'मानव जाति के लाभ के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' विषय पर विज्ञान ड्रामा का प्रदर्शन किया। समारोह में बहत्तर छात्रों और अट्ठारह शिक्षकों ने भाग लिया। कैम्पबेल बे शैक्षिक अंचल के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें तीस सितंबर को कोलकाता में आयोजित होने वाली पूर्वी भारत विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। उप शिक्षा निदेशक एस. सुरेश कुमार ने विजेताओं और प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के तीनों सेनाओं के परिवीक्षाधीन अधिकारियों का एक दल द्वीप समूह के दौरे के दौरान कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी मुलाकात कर विभिन्न विकासीय मुददों पर चर्चा की।

<><><><><><>

हिन्दी दिवस के सिलसिले में इग्नू की क्षेत्रीय केन्द्र पोर्ट ब्लेयर की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोलह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के द्वीपवासी इसमें भाग ले सकते हैं। **स्वाभिमान और गर्व की भाषा हिन्दी** विषय पर

आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी सोलह सितम्बर तक सीधे क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या इग्नू की मेल पर प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के सिलसिले में कला और संस्कृति विभाग विषय आधारित नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा चित्रकारी व चित्रकला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। पर्यटन– शांति, एकता और सांस्कृतिक सद्भाव विषय पर स्कूली बच्चों के लिए ये प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक द्वीपों के सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन मांगे गए हैं। सोलह सितम्बर को शाम तीन बजे से अंडमान क्लब में नृत्य समूह का मौके पर प्रदर्शन के माध्यम से चयन किया जाएगा। दो सर्वश्रेष्ठ नृत्य समूह को सत्ताईस सितम्बर को डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में आयोजित होने वाले समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। चित्रकला व चित्रकारी प्रतियोगिता व प्रदर्शनी में भाग लेने के इच्छुक स्कूली विद्यार्थियों से भी आवेदन मांगे गए हैं। चयन पच्चीस सितम्बर को शाम तीन बजे से अंडमान क्लब में किया जाएगा। छब्बीस और सत्ताईस सितम्बर को अंडमान क्लब में ही प्रदर्शनी लगेगी। तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक सांस्कृतिक संगठन और स्कूली विद्यार्थी सोलह सितम्बर तक अपने नाम कला और संस्कृति विभाग के कार्यालय या मेल पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में बीए बीएड और बीएससी बीएड की कुछ सीटे रिक्त हैं। तेरह सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से कॉलेज के संगोष्ठी दीर्घा में

इन सीटों के लिए परामर्श रखा गया है। इच्छुक विद्यार्थी इन सीटों में प्रवेश के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

उधर, इसी कॉलेज में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म आज मध्य रात्रि तक भरे जा सकते हैं।

इस बीच, डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और डिगलीपुर के राजकीय बहुशिल्प संस्थान में बचे हुए सीटों के लिए अंतिम परामर्श तेरह सितम्बर को लिया जाएगा। कल तक इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

भारतीय रक्षा लेखा सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों के राज निवास में उप–राज्यपाल से मुलाकात करने और मुख्य सचिव द्वारा मध्योत्तर अण्डमान जिले में विद्यार्थियों के लिए प्रयास कार्यक्रम का उदघाटन करने के समाचार को **डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन को आईएसओ नौ हजार एक से सम्मानित किए जाने के समाचार को **अण्डमान कोनिकल** ने प्रमुखता दी है। डिगलीपुर में दिव्यांगजनों की पहचान के लिए मूल्यांकन शिविर आयोजित होने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है, जबकि पैरालम्पिक में शानदार प्रदर्शन करने और पेरिस में उनतीस पदक जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों का देश वापस लौटने पर स्वागत किए जाने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने अपने खेल पन्ने में प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>